## MOTION ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*contd.*

**Shri A. S. Alva** (Mangalore): Mr. Speaker, Sir, the President, in his Address, has highlighted the important events of the year and has chalked out what the Government is going to do in future.

In the first place, he has rightly paid a compliment to our late Prime Minister who discharged his duties during the 18 months he was Prime Minister with firmness and tact and raised the prestige of our country. As a matter of fact, when our country was invaded he took the bold decision that it was our duty to see that the aggressor was repulsed, and he also taught the aggressor a lesson not to repeat such a thing in future. It was a strong action on his part, and the results have really justified it and shown that we are not behind anybody in defending our country. The compliment he has paid to our jawans who made it possible for us to raise our heads. was really a gracious one.

**15.38 hrs.**

[SHRI SONAVANE *in the Chair*]

But when the proper time came, he also thought that, living as we were by the side of Pakistan, there was no use in persisting in our efforts at mutual slaughter, and that if the climate was there, it was but proper that there should be a lasting peace. On account of that and the good offices of the Soviet Prime Minister, Mr. Kosygin, the Tashkent Agreement was drawn up. It is really a crowning glory of our late Prime Minister which has enhanced the prestige of our country. But unfortunately he did not return to his own land. That was really a tragedy in which the whole world lamented.

The President has also highlighted the difficulties which we are facing in the matter of food. Of course, various statements have been made that in foreign countries lots of people are feeling for us, they are collecting food for India, and our prestige has gone down. That certainly is not a correct view of the situation. As a matter of fact, India never begged for food. If other countries feel that any part of the world is short of food and if they try to do their best in collecting something and sending to us, it only shows how one country reacts to another If there is flood or scarcity, it is the duty of any other country to rush succour; there is nothing derogatory in that. The Food Minister has told us that there is no question of our begging for food. We should not speak about imports with two voices. If we have not adequate food, we have to import. There is nothing wrong in it; we pay for it. The criticism against food imports is not justified. It is of course the duty of the Government to see that there is more production of foodgrains as well as equitable distribution. The zonal system was criticised; it has its defects and its advantages. We have also to realise that food is a State subject, it is not easy to have one central food policy without the concurrence of the States. Unfortunately now the surplus States dwindled their figures and say that they are deficit. We can understand that because they also have to face their own people who become restive if foodgrains move out. The central government should tell the States that it is the duty of the surplus ones to surrender to the deficit ones. After all, it is not only foodgrains: there are other things for which states have to depend upon one another. So, the States should confer among themselves and bring about uniformity of policy. The Food Minister has promised a review and I feel that larger zones would be self-sufficient and it is expected that everything will be all right. At the same time we have realised that there is a shortage of fertilisers and government has several schemes for this purpose. Recently a Japanese team

[Shri A. S. Alva]

went round the country and came to Mangalore also to find out if it could collaborate with the public sector or the private sector to start fertilizer factories. Government must take an early decision on entering into commercial agreements for collaboration for establishment of factories in the public or private sector. There should not be much distinction now because the nation lacks food and it is our duty to develop food production. The President also has correctly apprised Parliament that adequate assistance is also given to private industries. As far as the actual ryots are concerned, it is necessary that those who are growing grains must be given remunerative prices. Only this morning there was a question that foodgrains are rotting in Punjab. All the foodgrains were purchased by merchants at controlled rates; they want more prices now to sell them outside the State. That only shows how these ryots are made to part with their grains at cheap prices. Government should prevent this; otherwise it is difficult for the farmer to produce more foodgrains; they will change over to cash crops where they can easily make more money. Government must also control the prices of essential commodities. A committee has been appointed but the report has not yet come. Unless the prices of essential commodities are fixed, it will be difficult to fix only the price of foodgrains. The price of things go up enormously. Govermnent should see that as far as possible we start intensive agricultural production. It is said that in Japan production per acre is four times over; in China twice over. Why is it so low in India? Soil tests should be conducted on a large scale so that proper fertilisers could be used depending upon the nature of the soil at different places. Lot of justified criticism is levelled against the Government. The farmer should be initiated and told the correct kind of fertiliser to be used. The community development and extension schemes have not done the desired thing that they were expected to do. The extension officer and the village guide who come there come with an air of superiority as though the farmer knows nothing and go on lecturing; nobody is in a mind to listen to them. If they could convince the farmer about the necessity of modern implements or fertilisers, he will listen. Otherwise all this advice will be of no use. Government is trying to do their best to see that the farmers are rehabilitated. Cooperatives are coming forward to help them. I am sure the food situation will certainly improve and our expected target of 125 million tons by the end of the fourth Plan will not remain only on paper but also in practice.

With these words, I support the motion of thanks.

**श्रीमती जयाबेन शाह** (अमरेली) : सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर पिछले कई दिनों से चर्चा चल रही है। बहुत से माननीय सदस्यों ने कई बातों पर प्रकाश डाला है। मैं भी कुछ विषयों पर अपने विचार आपके सामने रखना चाहती हूं।

सब से गम्भीर आज जो समस्या है वह अन्न की समस्या है। इस समस्या के बारे में माननीय सदस्यों ने अपने अपने विचार प्रकट किए हैं। लगभग सभी माननीय सदस्यों ने कहा है कि हमारे देश में अन्न की जो कमी है और उसके परिणामस्वरूप जो परिस्थिति पैदा हुई है, उसको किस तरह से टैकल किया जाए। प्रैजीडेंट साहब ने अपने एड्रेस में बताया है कि गवर्नमेंट कोशिश कर रही है कि इस समस्या को हल किया जाए। लेकिन मैं यह कहना चाहती हूं कि कोई चीज तो ऐसी होती है जो कुदरत हमारे लिए पैदा करती है और कोई ऐसी भी हो सकती है जो मैनमेड हो सकती है। आज

देश में अकाल है तो उसके लिए ड्राउट कंडीशंज किसी हद तक जिम्मेदार हैं। लेकिन सिर्फ अकाल ही उसके लिए जिम्मेवार नहीं है। कुछ हद तक यह मैन मेड स्केरसिटी भी है। केरल और बंगाल आदि स्टेट्स में जो हालत पैदा हुई है मैं समझती हूं कि उसके लिए आजकल जो पद्धति हमने चला रखी है, जोन पद्धति वह भी जिम्मेदार है। जब तक इस जोन पद्धति को खत्म नहीं किया जाता है तब तक कोई नतीजा नहीं निकल सकता है, ऐसा मैं मानती हूं।

राज्य सभा और लोक सभा दोनों सदनों में इस जोन पद्धति पर चर्चा हुई है। इसको समाप्त करने की मांग की गई है। लेकिन फिर भी सरकार यह कह रही है कि हम सोचेंगे, सोच रहे हैं, आइंदा इसके बारे में देखेंगे। आज सुबह भी क्वेश्चन आवर में कहा गया था कि पंजाब में गेहूं और चने के ढेर लगे हुए हैं उसको कहां ले जायें, कैसे ले जायें। गवर्नमेंट ने कहा कि वह इस बारे में सोच रही है कि कैसे उसका प्रोक्योरमेंट हो, कैसे डिस्ट्रीब्यूशन हो। मैं समझती हूं कि इस सारे झंझट से निकलने का तरीका वही है जैसा कि अधिकतर माननीय सदस्यों ने कहा है कि सब से पहले तो सरकार को इस जोन पद्धति को समाप्त कर देना चाहिये। इससे देश के कोने कोने में अन्न प्राप्त हो सकेगा। इसी तरह से गवर्नमेंट का ध्यान इस ओर भी जाना चाहिये कि देश में जो बेदिली पैदा हुई है इसको ले कर कि एक जगह पर तो इतना अनाज है कि कोई खाने वाला नहीं और दूसरी जगह जैसे केरल और बंगाल में स्थिति है कि अनाज नहीं मिलता है, चावल नहीं मिलता है, वह खत्म हो। गुजरात भी एक डिफिसिट स्टेट है। वहां चावल हम नहीं चाहते हैं क्योंकि चावल की केरल को जरूरत है। हमें वह मिलता भी नहीं है। लेकिन हमें कोई आपत्ति नहीं है। आज आधा आउंस ही वहां दिया जाता है। वह "न" के बराबर है। लेकिन हमारा इससे कोई विरोध नहीं है। हमें यह देखना होगा कि देश में हालत क्या है। मैं समझती हूं कि जब तक देश में यह जो स्थिति है इसको ठीक नहीं किया जाएगा तब तक मामला ठीक होना बहुत मुश्किल है। लोग कह रहे हैं कि डी० आई० आर० को हटा लो। इसको आप हटायें या न हटायें लेकिन असली बात जो है जो बुनियादी बात है उसके बारे में यदि हम कुछ नहीं कर पायेंगे तो हालत सुधरना बहुत मुश्किल है। मैं चाहती हूं कि जल्दी से जल्दी इस जोन पद्धति को खत्म किया जाए। एक दिन भी आगे इसको चलाने से भारी नुकसान होगा।

यह अन्न की जो समस्या है यह कैसे पैदा हुई है यह भी हमें सोचना होगा। मैं नहीं कहती हूं कि हमने इस समस्या को हल करने की कोशिश नहीं की है। कोशिश तो हमने की है लेकिन जैसे करनी चाहिये थी और जितनी करनी चाहिये थी नहीं की है। आज भी वह नहीं हो रही है, यह मेरा कहना है। प्लानिंग हुआ है। लेकिन जिस तरह से वह हुआ है उसकी वजह से हम इस स्थिति पर पहुंच गए हैं। जो देश की सबसे बड़ी इंडस्ट्री है वह खेती है। खेती से ज्यादा से ज्यादा अन्न कैसे पैदा हम कर सकते हैं यह हमें देखना है। दूसरी जो बड़ी इंडस्ट्री है वह एनीमल हसबैंड्री की है जिस को हमने सबसे ज्यादा निग्लैक्ट किया है। इसको हमें निग्लैक्ट नहीं करना चाहिये था। लेकिन सबसे पहला जो किसी गवर्नमेंट का फर्ज होता है वह यह होता है कि वह अपनी आबादी को कुछ-कुछ खाने को दे उनके खाने का प्रबन्ध करे। यह सब से पहला किसी भी गवर्नमेंट का कर्तव्य है। उसका यह भी फर्ज है कि वह कपड़ा पहनने के लिए दे, रहने के लिए आवास का प्रबन्ध करे। लेकिन

[श्रीमती जयाबेन शाह]

इन दो पिछली चीजों का प्रबन्ध न हम कर सकें तो हर एक आदमी को खिला सकने की स्थिति में तो हम हों। अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, अगर हम इसमें असफल होते हैं तो हमारी डेमोक्रेसी भी खतरे में पड़ सकती है। केरल में जो कुछ हुआ है वह सारे देश में भी हो सकता है। यह कोई पार्टी वालों का सवाल नहीं है। यह सवाल नहीं है कि इसने किया है, या उसने किया है। जब लोग भूखे मरेंगे तो वे क्या करेंगे ? इस वास्ते डेमोक्रेसी को कायम रखने के लिए भी यह जरूरी है कि हम लोगों के खाने पीने का प्रबन्ध करें। साथ ही साथ पैदावार कैसे बढ़ाई जाए, इसकी तरफ हमें सब से पहले ध्यान देना होगा। मैं तफसील में जाना नहीं चाहती हूं। सभी लोग जानते हैं कि ऐसा करने के लिए हमारे लिए क्या कुछ करना आवश्यक है। हमें जो हमारे प्लान हैं, उनको इस ढंग से बनाना होगा जिससे पैदावार बढ़ सके। आज बजट पेश होने जा रहा है। लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि प्लानिंग का जो ढांचा है अगर वह नहीं बदलेगा और साथ ही साथ हमारी जो सबसे बड़ी इंडस्ट्री है खेती, उसकी ओर हम सबसे ज्यादा ध्यान नहीं देंगे, तो हमारा काम नहीं चल सकेगा फिर चाहे बड़े-बड़े शहर बनाते चले जायें, बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज लगाते चले जायें और कहते चले जायें कि हमने रोजगार के साधन बढ़ाये हैं।

जहां तक रोजगार का सम्बन्ध है, हमारे पास बैंक लाग भी है जिसको हमने खत्म करना है और नए लोग भी रोजगार की तलाश में इधर-उधर मारे मारे फिर रहे हैं। आपने बेशक रोजगार के साधन पैदा किये हैं और कुछ लोगों को लगाया भी है काम में लेकिन फिर भी देश में बेकारों की संख्या बहुत भारी है। जिस तरह आज कारवां चल रहा है उससे जो हालत आज है वह बनी रहेगी और हो सकता है कि वह और बिगड़ भी जाए। ऐसा करके आप देश में बेकारी का निवारण नहीं कर सकेंगे। इसलिये प्लानिंग का ढांचा बदलना पड़ेगा।

कोई भी स्वतंत्र देश हो, उसकी पहली जिम्मेवारी यह है कि लोगों को खिलाने का वह प्रबन्ध करे। हम पिछले अठारह साल में यह नहीं कर पाये हैं। इसके लिए कोई और जिम्मेवार नहीं है, हम जिम्मेवार हैं, सारी पार्लियामेंट जिम्मेवार है। जब-जब भी कोई प्लान हमारे सामने आया है, तब तक हमने उसको यूनैनीमस सपोर्ट अपना दिया है। स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने एक बार कहा था कि जिस तरह का हमारा अब तक ढांचा रहा है और जो अब भी चल रहा है उससे मुझे ऐसा महसूस होता है कि देश का काम नहीं बनेगा। हमें काश्तकारों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, जमीन पर, खेती पर सबसे पहले ध्यान देना चाहिए और उनके साथ-साथ छोटी-छोटी जो इंडस्ट्रीज हैं उनको देहातों तक पहुंचाना चाहिये, पशुपालन के धंधे को बढ़ाना चाहिये, जहां-जहां लोग रहते हैं उन तक पहुंचाना चाहिए। देहातों में हमें कुछ न कुछ छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज चालू करनी पड़ेंगी।

हम यह जो जोन पद्धति है इससे तंग आ गए हैं, इससे परेशान हो गए हैं। मैं प्रार्थना करती हूं कि जो अवधि आप बता रहे हैं कि मार्च में देखेंगे यह उचित नहीं है। देखना क्या है ? मामला बिलकुल क्लीयर है। जल्दी से जल्दी आप इसको खत्म करें।

बहुत से माननीय सदस्यों ने ताशकंद एग्रीमेंट का जिक्र किया है। मैं इस पर ज्यादा कहने की जरूरत नहीं समझती हूं। यह एक बहुत बड़ा काम हमने कर दिखाया है। हम में से कुछ हैं जिनकी नजर छोटी मोटी बातों पर जाती है। वह जानी चाहिये, यह मैं मानती हूं। इसका कारण यह है कि हमारी फौजों ने अपना खून बहाया है। हम सबके

दिल में दुख भी है। लेकिन यह कहना कि ताशकंद एग्रीमेंट हमने मजबूरी में किया बिल्कुल सही बात नहीं है। जो हम करना चाहते थे और जो हम लोगों को बतलाना चाहते थे वह यह है कि हमारा देश ऐसा है जो अहिंसा पर चलना चाहता है लेकिन अगर कोई मजबूर करे तो लाचार होकर हम शस्त्र भी उठा सकते हैं। लेकिन हम कभी दुनिया को यह बताना नहीं चाहते हैं कि हम हिंसा चाहते हैं। स्वर्गीय प्रधान मंत्री जी को मौका मिला तो तुरन्त उन्होंने एक ऐसी संधि की, तुरन्त एक ऐसा समझौता किया, जो कि मेरे ख्याल से दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा और हिन्दुस्तान के इतिहास में एक बहुत बड़ा लैंडमार्क है। हमारे लेट प्राइम मिनिस्टर जो कर गए हैं, उनके अथक परिश्रम से जो हम प्राप्त किया है और जो एक अच्छा वातावरण बना है, उससे हमारे देश का प्रेस्टीज भी बढ़ा है और हमारा काम भी आगे बढ़ेगा। उस समझौते से दोनों देश आगे चलेंगे तो दोनों देशों का कल्याण होगा।

**16 hrs.**

तीसरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि बहुत सी चीजें ऐसी होती हैं.... (घंटी बजने पर) टू मिनट्स सर,

प्रेसीडेन्ट साहब के एड्रेस में इसके बारे में बहुत जिक्र नहीं है कि कुछ लोगों के हाथ में इतना कंसैंट्रेशन आफ वेल्थ हो गया है और दूसरे लोग इतने ज्यादा तादाद में हैं कि उनका यह तो मैं नहीं कह सकती कि जीवन स्तर नीचे गया है लेकिन आज जो प्राइसेज इतनी हाई हैं और दिन पर दिन बढ़ रही हैं उसके मुकाबले में उनके जीवन का स्तर ऐसा है कि उनका जीवन चलाना बहुत मुश्किल है। तो यह भी ऐसी बात है कि जिस पर गवर्नमेंट को बहुत जल्द से जल्द सोचना चाहिए और सोचना पड़ेगा। महालोनवीस कमेटी ने बहुत समय इस पर गंवाया है। फिर भी जो लोग देखते थे, लोगों के दिल में जो लगता था कि हमारे देश में कुछ लोगों के पास इतनी पूंजी हो गई है और कई लोग आज बहुत गरीबी में और बेकारी में जीते हैं, तो माननीय चेयरमैन साहब, इसकी ओर भी गवर्नमेंट का ध्यान दिलाना चाहती हूं कि इस मसले को हल करना ही पड़ेगा। वे यह कहते हैं कि हम सोशलिज्म लाना चाहते हैं। तो सोशलिज्म सबसे पहली बुनियादी चीज यही है कि जो देश की नेशनल वेल्थ हो उसका एक्विटेबिल डिस्ट्रीब्यूशन होना चाहिए। यह आज की जो असमानता है उससे मेरे ख्याल में हमारे देश की डेमोक्रेसी को भी धक्का पहुंचेगा है। तो मैंने चन्द बातें यहां रखने की कोशिश की है। मैं आशा करती हूं कि जोन के लिए हमारी गवर्नमेंट जल्द से जल्द सोचेगी और हमारे देश को जो आफत है जो कुछ मैन मेड भी है, इसको जल्दी से जल्दी खत्म करके लोगों की परेशानी खत्म करेगी।



**Shri Linga Reddy** (Chikballapur): Sir, I rise to extend my whole-hearted support to the motion of thanks for the President's Address. The President's Address, coming as it does on the eve of the completion of the third plan and the commencement of the fourth plan, catalogues the very important achievements. There are achievements of the last year; I wish there were the achievements of the entire third plan covering all the five years.

There is reference to the sad demise of our beloved Prime Minister, Lal Bahadur Shastri. He was a great administrator, a great patriot, who sacrificed his life at the alter of his motherland. He was responsible for our achievement in war and in peace also his achievement is no less important. The Tashkent Declaration, for which he has been responsible, is a crowning success. It is a great landmark in the history of relations between Pakistan and India. It is the greatest harbinger of peace and tranquility between our two countries. May Lal Bahadur Shastri's soul rest in peace and the Tashkent Declaration bring everlasting peace between these two countries. The prestige of India has risen very high after

[Shri Linga Reddy]

the recent hostilities and achievement of peace. Our jawans have given a good account of themselves. Other countries were waiting for an opportunity to see India lowering its head, but that was not to be. We have been so magnificently successful both in war and in peace.

In our foreign policy of peaceful co-existence and non-alignment we have been very successful. The time has come when other countries are appreciating our policy to a very great extent. What we have achieved on the war front, we have to achieve on the food front also. It is very unfortunate that rains have failed throughout the country—north and south. Except in a few States, in the majority of States, there is a total failure of crops. In Mysore, wherefrom I come, the position is very grim and grave. Out of 21 districts, 15 districts have lost their crops entirely. Foodgrains have to be rushed to them and relief works have to be taken on a large scale. There is no drinking water either for the people or for the cattle. There is no fodder also for the cattle. No doubt foodgrains are being supplied now and then to the State which happens to be marginally deficit in food but they are not sufficient. The State Government is thinking of introducing rationing in Bangalore, KGF area and other important cities with more than 1 lakh population. Unfortunately the foodgrains sent by the Centre are not sufficient. They would require about 20,000 tonnes of rice every month. Our Food Minister has been kind enough to say that sufficient quantities of wheat will be sent, but with regard to rice, the same assurance was not forthcoming. It is very necessary that sufficient money and foodgrains should be rushed to the rescue of the State to supply foodgrains and start relief works in the famine-affected areas. Foodgrains are supplied informally now, and they are introducing informal rationing in some ·· the towns. But in rural areas, where the crops have failed entirely, only a few *pallas* of wheat are supplied. More fairprice shops have to be opened and sufficient foodgrains have to be supplied to them.

For food production, we have been so far paying attention only to major and medium irrigation schemes and not sufficient attention to minor irrigation. In Mysore, there are as many as 40,000 tanks. If works are taken up for repairing and restoring them, not only will it provide relief work for the unemployed people in the scarcity stricken areas, but they would be of great value irrigationally also for food production.

It is not possible to have medium and major irrigation projects alone in all places. Irrigation well programme can be very usefully taken up in these arid zones. As such money as possible should be made available for the irrigation well programme in these famine-stricken areas, so that they can be a source of relief work during the famine time and help in increasing food production also.

The Programme Evaluation Organisation of the Planning Commission has given a report with regard to the use of irrigation potential created under the major irrigation works. Though heavy sums have been invested, with regard to bringing into fruition, with regard to bringing land under the plough, the irrigation potential that has been created under the medium and major irrigation programmes is very poor. It is very necessary that our food department should pay sufficient attention to this aspect of the matter.

With regard to famine relief, the Government on the last occasion had published a paper that committees are being set up at the Centre and also at the State level. No doubt, a cell has been set up here at the central level. But in the States also I wish some famine relief board or committee is set up so that it may

be in correspondence with the famine relief cell at the centre and the famine relief work may be co-ordinated.

With regard to food production programme also, at the centre we have a co-ordination board for agriculture and irrigation. But at the State level the food portfolio is in the hands of ordinary ministers and not in the hands of the Chief Minister. Though on a number of occasions suggestions are being made that the food portfolio should be handled here at the centre by the Prime Minister and in the States by the Chief Minister, that idea has not been paid sufficient attention at all. At the State level it is better that some co-ordination is brought about of the agriculture ministry, co-operation ministry and the community development ministry and the food portfolio is handled by the Chief Minister so that the agricultural production programme may be coordinated in an effective manner and more attention is paid to it.

With regard to the allocation of steel plant, though Hospet has been recommended by a committee set up by the Government of India sometime ago as the best place, no action has been taken on that. On the other hand, attention is diverted and some other place is being thought of. It is very necessary that the Central Government pays its earnest attention to this aspect of the matter and locates the steel plant at Hospet.

About railway lines, I have been urging time and again that the Bangalore-Chikballapur narrow gauge line which is now running at a loss may be converted into a metre or a broad gauge line. There is heavy traffic, it is a long route and it is in the arid zone. No action has been taken on that request. I request once again that the Government may pay sufficient attention to this aspect also.

My hon. friend, Shri Shinkre was saying that the Goa merger problem is there and all that. With regard to the Goa merger problem a decision has already been taken that for a ten-year period . . .

**Shri Shinkre:** Who says? Has it been declared in Parliament? The late Prime Minister said that they should decide it through elections in December.

**Shri Linga Reddy:** On that question, no less a person than the late Prime Minister had made a statement and, also, the Congress organisation had taken a decision that for a period of ten years the *status quo* would be maintained.

**Shri Shinkre:** They only take decisions to maintain *status quo*.

**Shri Linga Reddy:** With these words, Sir, I support the motion of thanks to the President for the Address that he delivered to both the Houses of Parliament.

**श्री शिव नारायण** (बांसी) : सभापति महोदय, आपने मुझे जो इस प्रेसिडेंट एड्रेस पर बोलने का अवसर दिया है उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। इस एड्रेस में माननीय शास्त्री जी के प्रति प्रेसीडेन्ट साहब ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मैं उनका वर्कर रहा हूं और मैं जानता हूं कि वह मिडिल क्लास से आये थे। गरीबों के वह हमदर्द थे और सदैव उनको प्रोटेक्शन दिया और इस मुल्क को ऐसी पोजीशन में पहुंचा दिया। दो लफ्ज "गो एहेड" कह कर उन्होंने देश की आबरू को आसमान पर पहुंचा दिया। देश उनका ऋणी है और इस देश का बच्चा-बच्चा जब तक वह जिंदा रहेगा सदैव शास्त्री जी का याद रखेगा और प्रत्येक भारतवासी भगवान से यही प्रार्थना करता है कि परमात्मा उस आत्मा को शांति प्रदान करे।

**श्री काशी राम गुप्त** (अलवर) : आज के भाषण को सुनने के लिए कोई कैबिनेट मिनिस्टर नहीं है।

**श्री शिव नारायण :** कोई नहीं हैं तो क्या हुआ आप जो हैं ।

राष्ट्रपति महोदय ने अपने प्रेसीडेंटल एड्रेस में हरिजनों की प्राबलम को टच नहीं किया है । आज हमारे देश में पिछले हजारों वर्षों से रेफ्यूजीज इस मुल्क में बसते हैं लेकिन उन के प्रति उन्होंने एक लफ्ज़ नहीं कहा । मुझे शिकायत है बात की कि आज हरिजन प्राबलम केवल कागज़ों पर ही है । मैं तो अपनी इस गवर्नमेंट से दरख्वास्त करता हूं कि आपने जितने एक्सट्रा डिपार्टमेंट खोल रक्खे हैं उन सबको खत्म कीजिये । यह हरिजन वैलफेयर, सोशल वैलफैयर और कम्युनिटी डेवलपमेंट यह सब डिपार्टमेंट्स आप माइनस कीजिये । यह आखिर किसलिए आपने बेकारों की फौज खड़ी कर रक्खी है ? इम्प्लायमेंट के नाम पर उन्हीं 20 परसेंट लोगों की परवरिश हो रही है बाकी 80 परसेंट लोग बड़ी मुसीबत की जिंदगी इस मुल्क में व्यतीत कर रहे हैं । इस सम्बन्ध में मैं मान्यवर यह कहना चाहता हूं :—

"कहता बहुता मिले, गहता मिले न कोय"

जो कहो उस पर अमल करो जो कहा जाये उसको किया जाये । भगवान ने दो कान दिये हैं एक जबान दी है इसलिए दो बात सुनो और एक बात बोलो । इसलिए मैं इस गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि वह कान खोल कर सुने, जनता की आवाज को सुने और जो उसे करना चाहिए उसे वह करे भी ।

मैं आज इमरजेंसी के ऊपर कहना चाहता हूं । इमरजेंसी का एक पैम्फ्लेट् हमारे सामने बंटा है । मैं ने उसे पढ़ा हुआ है लेकिन मैं आज इस गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि आप कम्युनिस्टों के साथ रियायत क्यों करते हैं । वामपंथी कम्युनिस्ट्स आज देश में मौजूद हैं जिन्होंने कि इस देश को उखाड़ फेंकने का षड़यन्त्र रचा, इस कांग्रेस गवर्नमेंट को, इस नेहरू सरकार को, शास्त्री सरकार को आज इस इन्दिरा की सरकार को उखाड़ फेंकने का षड्यन्त्र वे लोग कर रहे हैं । अगर सरकार इस चीज़ की गम्भीरता को नहीं समझती है और समय रहते चेत कर आवश्यक कदम नहीं उठाती है तो फिर सरकार जाने और उसका काम जाने बाकी मैंने इसे अपनी ड्यूटी समझा कि मौजूदा स्थिति से अपनी सरकार को आगाह कर दूं ।

हमारे होम मिनिस्टर साहब ने इस हाउस में ऐलान किया था कि दो वर्ष में हम देश से करप्शन को निकाल देंगे । उन्होंने उसके लिए जो अथक प्रयत्न किया और जिस हिम्मत का सबूत दिया उसके लिए मैं उनकी सराहना करता हूं । लेकिन मैं आज चैलेंज के साथ यह बात कहना चाहता हूं कि उनकी एक्ज़ीक्यूटिव में किसी ने उनका समर्थन नहीं किया । होम मिनिस्टर साहब ने बड़ी हिम्मत के साथ कहा कि हम करप्शन को रूट आउट करेंगे लेकिन अफसरों ने उनके साथ कोआपरेट नहीं किया । मैं इस बारे में अपने होम मिनिस्टर नन्दा साहब का समर्थन करता हूं । मान्यवर मैं कहना चाहता हूं कि यह इमरजेंसी रहनी चाहिए यह हटनी नहीं चाहिए । जब तक यह चीन का खतरा समाप्त न हो जाये तब तक इमरजेंसी कायम रक्खी जाये । मैं सारे अपोज़ीशन को जवाब देना चाहता हूं । मैं आज श्रीमती रेणु चक्रवर्ती को जवाब देते हुए यह कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में आज के दिन कोई भी पुलिस अफसर इतना निर्दयी नहीं है कि वह अपनी बंदूक लेकर 10 वर्ष के बच्चे की छाती पर गोली मार देगा, ऐसा हमारा कोई भी पुलिस अफसर नहीं कर सकता है । बंगाल में अभी जो उसे गोली लगी थी वह पिछवाड़े से लगी थी । सरकार ने भी इसका पूरा पता लगाया है और उसे संतोष हो गया है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है जैसा कि श्रीमती रेणु चक्रवर्ती

ने आरोप लगाया था । वह इस तरह से चीख चीख कर कह रहीं थीं मानों सारी जनता के लिये दर्द उन्हीं के दिल में है और तो किसी को है नहीं । मैं कहना चाहता हूं कि आज देश के सामने बाह्यसंकट टला नहीं है और आन्तरिक अव्यवस्था भी मौजूद है तब यह इमरजेंसी कायम रहनी ही चाहिए । आई एम ए प्रैक्टिकल मैन । मैं एक पबलिक वर्कर हूं और मैं बोरडर पर रहने वाला हूं । मैं आज बंगाल वालों से पूछना चाहता हूं कि आधा बंगाल कम्युनिस्ट है और होना यह है कि चावल जो हम भेजते हैं वह आधा चीन भेज दिया जाता है । इसी तरह मैं केरल वालों से पूछना चाहता हूं कि वहां पर जो चावल जाता है वह उधर उन की तरफ से पाकिस्तान को काफी खिसक जाता है । आज हालत यह बन रही है । आज जरूरत इस बात की है कि फूड प्राबलम को फ्री कर दें । फूड जोंस आप समाप्त कर दें ? उसे आप फ्री कर दें ताकि पंजाब का चावल, पंजाब का चना और पंजाब का गेहूं, सारे हिन्दुस्तान में आ जावे । मैं उस इलाके से आता हूं जहां बढ़िया चावल पैदा होता है । मैं ने पिछले प्राईम मिनिस्टर से कहा था और अपने इन मौजूदा प्राईम मिनि-स्टर से भी कहा कि साहब हमारा नेपाल को चावल निकल जाता है । हमारे जिले के लोग नेपाल में खेती करते हुए वह नैपाल के सिटीजन हो गए । अब उनका चावल वहां से चीन जाता है, इधर से चीन को पास हो जाता है तो पुलिस क्या करती है ? बोर-डर के ऊपर मैं कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट इस सम्बन्ध में सतर्कता बरतें । मैं इस गवर्न-मेंट को सपोर्ट करता हूं लेकिन जो उस के हित की बात है और जिसमें देश का भी हित है वह मैं कहे बगैर नहीं रह सकता हूं और यह कहावत मशहूर ही है कि निन्दक को बगल में रहना चाहिए । जो आप की निन्दा करे, कान खड़े करे उस को आप बुरा नहीं समझें बल्कि उस की बात को ध्यानपूर्वक सुन कर उचित कार्यवाही करनी चाहिए ।

मैं बोरडर के एरिया से आता हूं । हमारे जिले में 100 मील की सड़कें बिछाने का काम है लेकिन आज 4 वर्ष हो गये शोर करते लेकिन हमारी वह सड़कें अभी तक नहीं बन पाई हैं । मैं डिफेन्स प्वाइन्ट आफ व्यू से कहता हूं कि हमारी जो सड़कें हैं, वे आप बनवा दीजिये, मीन्ज आफ़ कम्युनिकेशन ठीक कर दीजिये । क्योंकि अगर मैंने भादों के महिने में या क्वार उतरते उतरते आलू पैदा कर लिया तो हमारे पास सड़क नहीं है कि उनको शहर ले जाऊं । सड़कें न होने की वजह से जब आलू शहर में एक रुपये सेर बिकता है तो हमारे यहां दो आने सेर जाता है ।

मैं गवर्नमेंट को बधाई देना चाहता हूं सीमेन्ट पर आपने जो डी-कंट्रोल किया है उस के लिये । आज सीमेन्ट के बोरे का भाव 22 रु० से 12 रु० हो गया है । आज मिनिस्टर भी चाहे तो 12 रु० दे और मैं भी चाहूं तो 12 रु० दूं, लेकिन अब कोई लेने वाला नहीं है । मैं अभी बस्ती से लौट रहा हूं, अपने यू० पी० के मिनिस्टर की एक प्वाइंट की बात बतलाता हूं कि अब दो रुपया बोरा उनका और दो रुपया बोरा उनका वह सब खत्म हो गया है । अब सीमेन्ट का कोई पुरसा-हाल नहीं है ।

मैं फूड मिनिस्ट्री से एक बात कहना चाहता हूं कि यह जो आपने लम्बी फौज खड़ी कर रक्खी है, इस को एक महीने का नोटिस दें दें कि अगर तुमने ठीक काम नहीं किया तो तुम को घर जाना होगा । मैं कहता हूं कि इससे बहुत ठीक होगा । फूड प्राबलम के लिये यह गवर्नमेंट जिम्मेदार है, हमारे यहां फूड की कमी नहीं है । बंगाल में एक लेफ्ट कम्युनिस्ट ने कहा कि अगर ढाई रुपया दे दो तो सेर भर चावल मिलेगा । इसका मतलब है कि चावल है, गेहूं है, लेकिन हमारे इन्तजाम की कमी है । इसलिये मैं सरकार को कहना चाहता हूं कि वह इस को ठीक करे, फूड मूवमेंट

[श्री शिव नारायण]

को ठीक करे । यह बात मैं सरकार से कह रहा हूं । आपोजीशन वाले कहां हैं, एक कांग्रेस वाला आज उनको ललकार रहा है, तुम दबाकर सब भाग गये हैं, कांग्रेस वाले कहते हैं और गवर्नमेन्ट को कहते हैं ।

मान्यवर, अब मैं इरिगेशन की बात कहना चाहता हूं । यह गवर्नमेन्ट कहती है, स्माल इरिगेशन, बिग पावर इरिगेशन । हमेशा होता यह है कि यह मिनिस्ट्री उस मिनिस्ट्री को खिसका देती है कि प्राविन्सियल गवर्नमेंट जाने । वह फिर यहां खिसका देते हैं । सब जगह यही हाल है । मैंने अपने जिले के कलेक्टर से कहा कि चावल को फ्री करो । उन्होंने कहा कि चीफ मिनिस्टर को बोलो । चीफ मिनिस्टर से कहा तो वह बोले कि कलेक्टर से बोलो । मैंने कलेक्टर को बड़ा ललकारा—हूइज दी गवर्नमेंट देन । तब मिश्राजी ने बुलाया और सिटी मैजिस्ट्रेट से कहा । चार दिन के बाद खोल दिया गया और अब चावल वहां सेर भर का मिलता है, लेकिन उसके लिये अब कोई लाईन नहीं लगानी पड़ती । अगर आप इसको मैनेज नहीं कर सकते तो लेट दी कंज्यूमर एण्ड प्रोड्यूसर गो एहेड । तो जहां तक इरिगेशन को प्राब्लम है छोटे छोटे कुएं खोदने के लिये थोड़ा-थोड़ा पैसा गांव वालों को दे दीजिये तो उससे काम चल जायेगा । एक पोस्ट ग्रेजूएट नैपाल राज्य का मेरे साथ लखनऊ से गोंडा ट्रेवल किया, बोला, तुमको 52 आदमी नहीं मिलते हैं, 52 कलेक्टर नहीं मिलते हैं, 52 एस० पी० नहीं मिलते हैं तो फिर तुम रामराज्य की कल्पना क्या करते हो । यह उस ने कमेन्ट किया लेकिन इस का कोई जवाब नहीं है । तो जहां तक इस पानी का सम्बन्ध है —

पानी राखो पास में, बिन पानी सब सून,
पानी गये न ऊबरे, मोती, मानुष, चून ।

मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जो आप कहो, उस पर अमल करो मैं आज जब से प्रेज़ीडेन्ट एड्रेस हुआ है, चीफ व्हीप साहब बैठे हैं, इन्तज़ार कर रहा हूं । आज आपकी कृपा से टाईम मिला है । मैं तो नाराज हो कर घर चला गया था, लेकिन आज आपकी इनायत से यह मिल गया ।

मैं एजूकेशन के मामले में भी कहना चाहता हूं । हमारे जो टीचर्स हैं, जो हिन्दुस्तान के टीचर्स हैं, उनकी योग्यता की, उनकी सर्विसिज की, इस सरकार में कोई गिनती नहीं है । उनकी यह बड़ी भारी शिकायत है कि उनके वेजेज की, उनकी तनख्वाह की गवर्नमेंट को कोई परवाह नहीं है, चाहे वह सेन्ट्रल गवर्नमेंट हो या स्टेट गवर्नमेंट । इसलिये आप अगर गुरुओं की परवाह नहीं करेंगे तो आप राम लक्ष्मण पैदा नहीं कर पायेंगे । अगर उनकी डिगनीटी बिलो चपरासी मानी तो चपरासी ही पैदा करेंगे इस देश के अन्दर । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि उनकी रिस्पेक्ट करो, उनकी आनर करो । मैं छागला साहब से कहना चाहता हूं, एजकेशन मिनिस्टर साहब से, उस दिन हमारी मिनिस्ट्री पर अटेक किया, वह लेटर जो सीक्रेट था, पढ़ना अनुचित था, नहीं पढ़ना चाहिये था । इस हाउस में नहीं पढ़ना चाहिये था । यह उत्तर प्रदेश की सरकार के प्रति वायोलेशन है ।

मान्यवर, मैं मिलिट्री के अपने नौजवानों को बधाई देना चाहता हूं और इस देश के बुजुर्गों से कहना चाहता हूं कि 22–22 वर्ष के बच्चों ने चार्ज ले लिया है । इससे नेहरू और गांधी की आत्मा को शांति मिल गई, शास्त्री की आत्मा को शान्ति मिल गई कि हमारे 22–22 वर्ष के बच्चों ने चार्ज ले लिया ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं श्रीमन्, आपकी व्यवस्था चाहता हूं । इतने

महत्व का भाषण हो रहा है लेकिन कैबिनेट मिनिस्टरों में से यहां कोई नहीं है ।

**श्री शिव नारायण** : इस में कोई व्यवस्था नहीं है ।

**Mr. Chairman:** The hon. Member should conclude within a minute because we are adjourning at 4.30 p.m.

**श्री हुकम चन्द कछवाय**: अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी व्यवस्था चाहता हूं, आपने नियम बनाया है, आदेश दिया है कि जब तक इस हाउस की कार्यवाही हो, कोई भी कैबिनेट मिनिस्टर उपस्थित होना चाहिये, लेकिन इस वक्त यहां एक भी नहीं है ।

**एक माननीय सदस्य** : कैबिनेट मीटींग चल रही है ।

**श्री शिव नारायण** : मैं मिलिट्री के नौजवानों को बधाई देता हूं और इस सरकार को आश्वासन देना चाहता हूं कि आज सारी कौम आपके पीछे खड़ी है । लेकिन आप भी एक्ट करो ठीक ढंग से । जिनके जवान मरें हैं, जिनकी बहुएं हैं उनको आप पेन्शन दें, उनके बच्चों को प्रोटेक्शन दें, जो लैंडलैस इस में लड़े हैं, उनको सहायता दें । हम पूरी सैक्री-फाईस करने के लिये तैयार हैं अपने देश की रक्षा के लिये । हमारी सरकार का यह कर्तव्य है कि उनकी शिक्षा-दीक्षा का प्रबन्ध करे, उनके लिये खाने, कपड़े तथा रहने के मकान का प्रबन्ध करे । हमारे देश में अन्न की कमी नहीं है । सोने की कमी नहीं है । स्वतन्त्र पार्टी के नेता लोग जिनके घर में सोना है, रंगा साहब हैं, कोई भी दिखाई नहीं दे रहा है । हमारा जो प्राईम मिनिस्टर है, जो यंगेस्ट है, 70 वर्ष वाला गया, 60 वर्ष वाला गया, अब यंगेस्ट प्राईम मिनिस्टर आया है, आपकी ड्यूटी है कि उस के साथ कोआपरेट करे और मुल्क को ऊंचा उठायें ।

ताशकन्द के बारे में जो हमारा एग्रीमेंट हुआ है, वह बहुत ही सुन्दर एग्रीमेन्ट है । क्योंकि हमारे आपोजीशन के कई सदस्यों ने दाण्डेकर जैसे बड़े विद्वान ने भी, इसका समर्थन किया है । मैं अपने जिले से लौट रहा हूं, सभी ने कहा है कि यह बहुत अच्छा एग्रीमेंट है, क्योंकि सीमा की लड़ाई किसी न किसी दिन जरूर समाप्त होती है । यह सब इस लिये है कि हमारी पालिसी नान-एलाईनमेन्ट की पालिसी है, सत्य और अहिंसा की पालिसी है, पीसफुल एग्रीजमेन्ट भी पालिसी है । इन सब दृष्टियों से यह बहुत अच्छा एग्रीमेंट है ।

**Mr. Chairman:** The House stands adjourned till 5 p.m. to-ady.

**16.29 hrs.**

*(The Lok Sabha then adjourned till Five of the Clock).*

---

*(The Lok Sabha re-assembed at Five of the Clock.)*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## GENERAL BUDGET, 1966-67

**Mr. Speaker:** The hon. Finance Minister.

**The Minister of Finance (Shri Sachindra Chaudhuri):** Mr. Speaker, Sir, I rise to present the Budget of the Government of India for the year 1966-67. But before I do so I must pay homage to our late Prime Minister, Shri Lal Bahadur Shastri. His life was given, as indeed it had been lived, in the cause of our country and our people. With him he had brought a deathless spirit and in his death he has made a gift of this spirit to the nation. With this heritage we have to proceed in the service of our people, well guided by our beloved Prime Minister and companioned by our esteemed colleagues. With the Honourable Members I share this task.